वित्तीय साक्षरता से जीवन में बदलाव संभव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

भीलवाड़ा. कट्स मानव विकास केन्द्र ने शुक्रवार को वित्तीय साक्षरता पर जिला स्तरीय हितधारक बैठक आरसी व्यासनगर में आयोजित की। खाद्य एवं आपूर्ति मामलात एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए शुरू की गई वित्तीय साक्षरता योजना में विभिन्न उपभोक्ता संरक्षण परियोजना के तहत आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक कालूलाल गुर्जर थे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह कविया, उपभोक्ता मामलात एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की प्रतिनिधि जय लक्ष्मी कन्नन ने सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना की उपयोगिता के बारे में बताया। डीडीएम नाबार्ड लोकेश सैनी ने इंटरनेट सेवाओं के महत्व पर जोर दिया। बैंक ऑफ बड़ौदा के वित्तीय साक्षरता समन्वयक पुखराज नाहर, श्रमिक नेता प्रभाष चौधरी और कट्स कार्ट के सहायक निदेशक दीपक सक्सेना आदि ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिले की समस्त पंचायत समितियों की ग्रामीण महिलाओं सहित कट्स के सीनियर परियोजना अधिकारी मदन गिरि गोस्वामी, शाखा प्रभारी राधे वैष्णव, गौरव चतुर्वेदी, निर्मला पुरोहित आदि मौजूद थे।

लोकजीवन

प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ - गुर्जर

भीलवाड़ा। समाज के हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं पहुंचाना सरकार का दायित्व एवं कर्तव्य कट्स मानव विकास केन्द्र द्वारा शुक्रवार को को आरसी व्यास स्थित एक निजि होटल में में साक्षरता पर जिला स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। कट्स मानव विकास केन्द्र के सहायक निदेशक गोहर महमूद ने बताया कि उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से संचालित वित्तीय उपभोक्ता संरक्षण परियोजना के तहत आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कालूलाल गुर्जर, मुख्य सचेतक, एडीएम सिटी राजेन्द्र सिंह कविया, जयलक्ष्मी कन्नन, अन्डर सेकेट्री, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, केन्द्र सरकार की योजनाएं समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का दायित्व एवं हमारा कर्तव्य है। साथ ही कहा कि वित्तीय सेवाओं के बारे में जानकार एवं जागरूक होना आवश्यक है। लोकेश सैनी, डीडीएम नाबार्ड ने इंटरनेट सेवाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इन्टरनेट के माध्यम से हम घर बैठे बिल का भुगतान कर सकते है साथ ही अनेक सुविधाओं का कम समय में लाभ ले सकते है। उन्होने ग्रामीण महिलाओं को इंटरनेट के उपयोग की आदत विकसित करने की बात कही। सुवाणा प्रधान सरोज गुर्जर ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण महिलाए बचत एवं ऋण योजनाओं का लाभ उठाए। साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा के वित्तीय साक्षरता समन्वयक पुखराज नाहर ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभाष चौधरी, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष ने महिलाओं को श्रमिक कार्ड के फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर कट्स कार्ट के सहायक निदेशक दीपक सक्सेना ने परियोजना के उद्देश्य एवं प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना के तहत जिले की 12 पंचायत समिति की 1585 महिलाओं को वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण से पूर्व कट्स द्वारा जिले में बेसलाइन सर्वे किया गया। सर्वेक्षण में जिले की सभी 12 पंचायत समिति की कमजोर एवं वंचित वर्ग की महिलाओं को सर्वे में सम्मलित किया गया। बैठक में जिले की समस्त पंचायत समितियों की ग्रामीण महिलाओं सहित कट्स के सिनियर परियोजना अधिकारी मदन गिरि गोस्वामी, शाखा प्रभारी राधे वैष्णव, गौरव चतुर्वेदी, निर्मला पुरोहीत, विनिता वैष्णव, राजेश खोईवाल, राधेश्याम गुर्जर सहित सहभागियों ने भाग लिया।

कट्स के जिला स्तरीय हितधारकों की बैठक आज

भीलवाड़ा @ पत्रिका. कट्स मानव विकास केन्द्र की शुक्रवार को आरके कॉलोनी के एक होटल में वित्तीय साक्षरता पर जिला स्तरीय हितधारक बैठक होगी। कट्स के शाखा प्रभारी राधे वैष्णव ने बताया किउपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संचालित वित्तीय उपभोक्ता संरक्षण परियोजना के तहत बैठक की जाएगी।

मंत्रालय के अंडर सेकेट्री जयलक्ष्मी कन्नन तथा मुख्य सचेतक कालूलाल गुर्जर अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। सांसद सुभाष बहेड़िया, एडीएम (शहर) राजेन्द्र सिह कविया, जिला परिषद के सीईओ गजेन्द्र सिंह राठौड़, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक लोकेश सैनी, एलडीएम आर पी लढ्ढा, एसबीआई के मुख्य प्रबन्धक हीरा सिंह मीणा सहित अन्य सदस्य हिस्सा लेंगे।

हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं पहुंचाना हमारा कर्तव्य है: गुर्जर

भीलवाड़ा | कट्स मानव विकास केंद्र की ओर से शुक्रवार को आरसी व्यास स्थित एक निजी होटल में वित्तीय साक्षरता पर जिला स्तरीय हितधारक मीटिंग हुई। केंद्र के सहायक निदेशक गोहर महमूद ने बताया कि मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक कालूलाल गुर्जर थे। एडीएम सिटी राजेंद्र सिंह कविया एवं उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की जय लक्ष्मी कन्नन ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का दायित्व एवं हमारा कर्तव्य है। डीडीएम नाबार्ड लोकेश सैनी ने कहा कि इंटरनेट के माध्यम से हम घर बैठे बिल का भुगतान कर सकते हैं। सुवाणा प्रधान सरोज देवी गुर्जर, पुखराज नाहर, प्रभाष चौधरी, दीपक सक्सेना ने संबोधित किया।

समाज के हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं पहुंचाना सरकार का दायत्वि एवं हमारा कर्तव्य कट्स मानव विकास केन्द्र द्वारा दिनांक 27.04.2018 शुक्रवार को आरसी व्यास स्थित एक निजि होटल में वित्तिय साक्षरता पर जिला स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। कट्स मानव विकास केन्द्र के सहायक निदेशक गोहर महमूद ने बताया कि भारत सरक उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से संचालित वित्तिय उपभोक्ता संरक्षण परियोजना के तहत आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि क रूप में कालू लाल गुर्जरमुख्य सचेतक राजस्थान सरकार, राजेन्द्र सिंह कविया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भीलवाडा एवं जय लक्ष्मी कन्नन, अन्डर सेकेट्री उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार ने भाग लेते हुए संबोधित किया कि केन्द्र सरकार की योजनाएं समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का दायत्वि एवं हमारा कर्तव्य है। साथ ही कहा कि वित्तिय सेवाओं के बारे में जानकार एवं जाकरूक होना आवश्यक है। । लोकेश सैनी डीडीएम नाबंड ने इंटरनेट सेवाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इन्टरनेट के माध्यम से हम घर बैठे बिल का भुगतान कर सकते है साथ ही अनेक सुविधाओं का कम समय में लाभ ले सक है। उन्होने ग्रामीण महिलाओं को इंटरनेट के उपयोग की आदत विकसित करने की बात कही। सरोज देवी गुज प्रधान सुवाना ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण महिलाए बचत एवं ऋण योजनाओं का लाभ उठाए। साथ ही बैंक ऑफ के वित्तिय साक्षरता समन्वयक पुखराज नाहर ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। । प्रभाष चौधरी भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा के अध्यक्ष ने महिलाओं को श्रमिक कार्ड के फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर कट्स कार्ट के सहायक निदेशक दीपक सक्सेना ने परियोजना के उद्देश्य एवं प्रस्तावित गतिविधियों क बार में जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना के तहत जिले की 12 पंचायत समिति की 1585 महिलाओं को वित्तिय साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण से पूर्व कट्स द्वारा जिले में बेस लाइन सर्वे किया गया। सर्वेक्षण में जिले की सभी 12 पंचायत समिति की कमजोर एवं वंचित वर्ग की महिलाओं को सर्वे में सम्मलित किया गया। बैठक में जिले की समस्त पंचायत समितियों की ग्रामीण महिलाओं सहित कट्स के सिनियर परियोजना अधिकारी मदन गिरि गोस्वामी, शाखा प्रभारी राधे वैष्णव, गौरव चतुर्वेदी, निर्मला पुरोहीत, विनिता वैष्णव, राजेश खोईवाल, राधेश्याम गुर्जर सहीत सहभागियों ने भाग लिया।